UPMO010005672017

न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश, कक्ष संख्या-1, मुरादाबाद

पीठासीन अधिकारी– (अंजना), **(उच्चतर न्यायिक सेवा)** – UP06138

सिविल विविध वाद सं0– 44/2017

उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद बनाम विक्रम सिंह आदि।

दिनांक– 06.03.2026

पुकार करायी गयी। पुकार पर प्रार्थी अनुपस्थित है और न ही कोई अधिवक्ता अथवा पैरोकार ही उसका प्रतिनिधित्व करने हेतु उपस्थित है।

अवलोकित, अवलोकन से स्पष्ट है कि न्यायालय के पूर्वादेश के अनुपालन में प्रार्थी के द्वारा कोई पैरवी नहीं की गयी है। आज भी प्रार्थी की ओर से प्रतिनिधित्व किये जाने हेतु कोई उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन प्रार्थना पत्र ही प्राप्त हुआ है, जिससे स्पष्ट होता है कि प्रार्थी की वाद चलाने में कोई रूचि नहीं है। विगत नियत तिथि को भी प्रार्थी अनुपस्थित था। इस समय 3:30 पी0एम0 हुआ है, परन्तु प्रार्थना पत्र पर बल देने हेतु प्रार्थी की ओर से कोई उपस्थित नहीं है। अतः प्रार्थी की अनुपस्थिति एवं पैरवी के अभाव में सिविल विविध वाद खारिज किये जाने योग्य है।

आदेश

सिविल विविध वाद सं0–44/2017, उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद बनाम विक्रम सिंह आदि, प्रार्थी की अनुपस्थिति एवं पैरवी के अभाव में खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(अंजना)
अपर जनपद न्यायाधीश,
कक्ष सं0–1, मुरादाबाद

Digitally signed by ANJANA
Date: 2026.03.06 17:12:01 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court